नवभारत
भोपाल, शनिवार 10 जनवरी, 2026

महासंघ चुनाव के पहले बवाल, चुनाव प्रक्रिया में बढ़ी टशन

खास बातें

- एक पक्ष जहां पुरानी प्रक्रिया का हवाला देते हुए चुनाव कराने की कर रहा मांग
- दूसरा पक्ष सभी व्यापारियों द्वारा चुना जाये अध्यक्ष के लिये चला रहा हस्ताक्षर अभियान
- मार्च में चुनाव होना तय, 36 संगठनों की तैयारी शुरू

नवभारत न्यूज

विदिशा 9 जनवरी, व्यापार महासंघ चुनाव को लेकर मतभेद सामने आ रहे हैं. वर्तमान व्यवस्था के अनुसार शहर की विभिन्न व्यापारिक इकाइयों के चुनाव संपन्न होने के बाद उन्हीं इकाइयों के निर्वाचित प्रतिनिधि व्यापार महासंघ अध्यक्ष का चयन करते हैं. इस प्रक्रिया में शहर की सभी व्यापारिक इकाइयां शामिल रहती हैं. हालांकि, कुछ व्यापारियों का मत है कि महासंघ अध्यक्ष का चुनाव शहर के सभी व्यापारियों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से होना चाहिए. उनका तर्क है कि इससे अध्यक्ष का चयन अधिक लोकतांत्रिक और व्यापक प्रतिनिधित्व वाला होगा.

वहीं दूसरी ओर, मौजूदा व्यवस्था का समर्थन करने वाले व्यापारियों का कहना है कि महासंघ का चुनाव तीन वर्ष के लिए होता है और इससे पहले जिन व्यापारिक इकाइयों को अध्यक्ष के चयन में भाग लेना है, उनमें से कई इकाइयों में वर्षों से चुनाव नहीं हुए हैं. कुछ इकाइयों में एक ही समूह लंबे समय से काबिज़ है, जिससे निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं. इस प्रक्रिया को ठीक किया जाना चाहिए तथा इसी प्रक्रिया के अनुरूप चुनाव होने चाहिए. लेकिन शुक्रवार को कुछ व्यापारियों ने शहर के व्यापारियों से मिलकर व्यापारियों द्वारा महासंघ अध्यक्ष को सीधे चुनने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू कर दिया है. जिससे महासंघ के चुनाव में अब व्यापारियों के मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं.

तय प्रक्रिया का पालन करना ही पारदर्शी और वैधानिक चुनाव का आधार है

व्यापार महासंघ के पूर्व महामंत्री एवं कपड़ा व्यापारी घनश्याम बंसल ने कहा है कि व्यापार महासंघ के चुनाव पुरानी और स्थापित व्यवस्था के अनुसार ही कराए जाने चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी व्यापारियों द्वारा सीधे अध्यक्ष चुने जाने की मांग यदि करनी थी, तो उसे उचित समय पर रखा जाना चाहिए था. उन्होंने बताया कि व्यापार महासंघ एक रजिस्टर्ड संस्था है, जिसका अपना वायलाज (संविधान) और तय चुनाव प्रक्रिया है लंबी या बदली हुई चुनाव प्रक्रिया के लिए न केवल संगठनात्मक सहमति, बल्कि ऊपरी स्तर से स्वीकृति भी आवश्यक होती है. घनश्याम बंसल के अनुसार महासंघ से जुड़े 36 व्यापारी संगठनों को कम से कम दो माह पूर्व चुनाव की सूचना दी जाती है. इस अवधि में संबंधित संगठन अपने नए सदस्यों को जोड़ते हैं , चुनाव कराते हैं तथा चुने हुए डायरेक्टरों के नाम व्यापार महासंघ को भेजते हैं. इसके पश्चात वोटर लिस्ट तैयार की जाती है और फिर चुनाव की तिथि एवं कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा होती है. उन्होंने कहा कि तय प्रक्रिया का पालन करना ही पारदर्शी और वैधानिक चुनाव का आधार है.

पुरानी प्रक्रिया के तहत ही होंगे चुनाव

व्यापार महासंघ के महामंत्री नवल किशोर शास्त्री ने बताया कि महासंघ की बैठक हो चुकी है और मार्च में चुनाव होने हैं. उन्होंने कहा कि महासंघ से जुड़े 36 संगठनों ने चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है. उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी व्यापारियों द्वारा सीधे अध्यक्ष चुने जाने संबंधी आवेदन पांच माह पूर्व प्राप्त हुआ था, जिस पर बैठक में निर्णय लिया गया कि इस विषय पर फैसला आगामी निर्वाचित बॉडी साधारण सभा में करेगी. फिलहाल चुनाव पुरानी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही कराए जा रहे हैं.

सीधे चुनाव से हो जाएगा राजनीतिकरण

यदि शहर के लगभग दस हजार व्यापारियों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से महासंघ अध्यक्ष का चुनाव कराया जाता है, तो यह प्रक्रिया अत्यंत लंबी, जटिल और खर्चीली हो जाएगी। साथ ही, इस चुनाव को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है. वर्तमान में व्यापार महासंघ में व्यापार की कुल 36 इकाइयाँ पंजीकृत हैं। इन इकाइयों के चुनाव के बाद उनके निर्वाचित डायरेक्टर ही महासंघ अध्यक्ष का चयन करते हैं, जिसे अब तक व्यावहारिक और संतुलित व्यवस्था माना जाता रहा है. इसी विषय पर आज नवभारत ने शहर के कई व्यापारियों से बातचीत कर उनकी राय जानी। व्यापारियों की राय इस मुद्दे पर बंटी हुई दिखाई दी—कुछ प्रत्यक्ष चुनाव के पक्ष में हैं तो कुछ मौजूदा प्रणाली को ही अधिक उपयुक्त मान रहे हैं. व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी का चयन कुल 36 व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है। आरोप है कि इन संगठनों में से कुछ संगठन फर्जी तरीके से चुनाव कराकर वर्षों से अपना आधिपत्य बनाए हुए हैं। वहीं, कुछ ऐसे भी प्रतिनिधि हैं जिन्होंने या तो अपना व्यापार बंद कर दिया है या फिर व्यवसाय बदल लिया है, इसके बावजूद वे पुराने व्यापार के आधार पर अब भी डायरेक्टर पद पर बने हुए हैं. इस स्थिति के कारण व्यापार महासंघ में अव्यवस्था की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं.दूसरी ओर, व्यापार महासंघ का कहना है कि इन 36 संगठनों पर महासंघ का कोई प्रत्यक्ष नियंत्रण नहीं है. महासंघ की भूमिका केवल इतनी है कि वह सभी संगठनों को पत्र के माध्यम से समय पर चुनाव कराए जाने की सूचना जारी करता है तथा चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष रखने के लिए अपने प्रतिनिधि को चुनाव के समय भेजता है. महासंघ के अनुसार, अपने संगठन के चुनाव कराना संबंधित संगठन की स्वयं की जिम्मेदारी है, महासंघ इसमें सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकता.

36 संगठनों को अपने स्तर पर निष्पक्ष चुनाव कराना चाहिए

उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं विदिशा व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि महासंघ से पूर्व से जुड़े 36 व्यापारी संगठनों को अपने-अपने स्तर पर निष्पक्ष चुनाव कराना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में यदि कोई नया व्यापारी संगठन महासंघ से जुड़ना चाहता है, तो उससे विधिवत आवेदन लिया जाए, उसकी जांच की जाए और उसके बाद उस संगठन के भी चुनाव कराए जा सकते हैं. राजेश जैन ने बताया कि मौजूदा व्यवस्था के तहत 36 संगठनों से कुल 180 डायरेक्टर चुने जाते हैं, जो आगे चलकर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सहित सात पदाधिकारियों का चयन करते हैं. उन्होंने कहा कि अध्यक्ष का चुनाव सीधे सभी व्यापारियों से कराए जाने की प्रक्रिया में पूर्ववर्ती संविधान में संशोधन करना पड़ेगा, जिसमें लगभग एक से डेढ़ वर्ष का समय लग सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि यदि अध्यक्ष का चुनाव सीधे किया जाता है, तो इससे अध्यक्ष पर सीधा और अत्यधिक दबाव बढ़ जाएगा. वर्तमान व्यवस्था में प्रत्येक संगठन अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाता है और केवल गंभीर या बड़े मुद्दों पर ही मामला व्यापार महासंघ या अध्यक्ष के पास आता है, जिससे कार्य विभाजन और संतुलन बना रहता है.

विवाहिता की बंद कमरे में मिली लाश

एक माह पहले रहने आई थी सर्वधर्म कॉलोनी में

नवभारत न्यूज

कुरवाई 9 जनवरी,कस्बा कुरवाई की सर्वधर्म कॉलोनी में एक माह पहले ही आकर रहने वाली एक महिला गुलबानो बी उम्र 22 साल पत्नी मुसाफ खा शुक्रवार को सुबह मृत अवस्था में पाई गई है.वहीं उसका पति मुसाफ खा मौके से गायब है.

मामले में पुलिस थाना कुरवाई को महिला के मायके पक्ष के लोगों के द्वारा दी गई सूचना के बाद टीआई पंकज गीते के द्वारा घटनास्थल का अवलोकन किया गया. पुलिस ने एफएसएल टीम को विशेष जांच हेतु बुलाया है. मृतक की मां तथा बहन ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि गुलबानो गर्भवती थी, उसका पति मुसाफखा कुरवाई में ड्राइवर का काम करता था.आज सुबह जब गुलबानो का फोन नहीं लगा तो, माएके पक्ष के लोग जो कुरवाई में ही रहते हैं. गुलवानों का पता करने उसके घर पहुंचे, घर का बाहर से ताला लगा हुआ था. शंका होने पर मोहल्ले वालों के सामने मायके पक्ष के लोगों ने ताला तोड़कर अंदर देखा तो, गुलबानो के गले में दुपट्टा का फंदा लगा हुआ था. वह बैठी हुई अवस्था में थी. उसका पूरा शरीर ठंडा पड़ चुका था, उसकी हत्या की गई थी. घटना की सूचना पुलिस थाना कुरवाई को दी गई, मामले में पुलिस गहराई से जांच कर रही है, पूछताछ जारी है.बताया जा रहा है घटना के बाद से ही महिला का पति मुसाफ खा गायब है. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

कलेक्टर ने की सरपंच- सचिव की सराहना

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के तहत सरपंच सचिव की कार्यशैली की सराहना की. उन्होंने कहा कि अगर सभी सरपंच सचिव इसी तरह से कार्य करें तो जनता में खुशहाली बनी रहेगी. कलेक्टर ने हितग्राहियों के घरों में जाकर उनकी स्थिति का जायजा लिया और उनसे बातचीत की.एक महिला हितग्राही ने कलेक्टर को बताया कि उनके चार बच्चे हैं और सरपंच ने उनके लिए चार अलग-अलग आवास उपलब्ध कराए हैं. महिला ने बताया कि उनके परिवार की स्थिति बहुत ही खराब थी, लेकिन सरपंच की मदद से अब उनके बच्चों के सिर पर छत है.कलेक्टर ने सरपंच सचिव की इस कार्यशैली की सराहना की और कहा कि यह वास्तव में प्रशंसनीय है.

एक नजर में

कायस्थ समाज का रक्तदान शिविर कल

नवभारत न्यूज

विदिशा, कायस्थ सभा एवं समस्त कायस्थ समाज द्वारा विवेकानंद जयंती एवं समाजसेवी स्वर्गीय शांति देवी श्रीवास्तव की स्मृति में 11 जनवरी रविवार को शेरपुरा स्थित कायस्थ सामज की धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।?शिविर दोपहर 12 बजे से ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित होगा.इस दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा.शिविर के बाद समाज की खेल प्रतिभाओं एवं चित्रगुप्त मंत्र साधकों का भी सम्मान होगा.

नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

विदिशा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा थाना कोतवाली विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 12/2026 की विभिन्न धाराओ के फरार अज्ञात आरोपीगणों की सूचना देने वालो को दस हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है. सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चयन प्रतियोगिता हुई
विजेता खिलाड़ी जयपुर नेशनल में दिखाएंगे दम

नवभारत न्यूज

विदिशा, मध्य प्रदेश ताइक्वांडो कल्याण संघ के तत्वावधान में विदिशा के खेल परिसर स्थित मल्टीपर्पज हॉल में प्रथम ओपन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप और सेकेंड फेडरेशन कप के लिए चयन ट्रायल संपन्न हुए. इस प्रतियोगिता में भोपाल अकादमी, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और मुरैना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया.

चयनित खिलाड़ी अब 18 से 23 जनवरी 2026 तक जयपुर (राजस्थान) के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे. इस नेशनल चैंपियनशिप की महत्ता इसलिए भी अधिक है क्योंकि यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को एशियन गेम्स में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा. प्रतियोगिता में 17 स्वर्ण पदक 4 रजत पदक और 2 कांस्य पदक हासिल कर मध्य प्रदेश ताइक्वांडो अकादमी ने प्रथम स्थान अर्जित किया वहीं 8 स्वर्ण पदक 3 रजत और 1 कांस्य प्राप्त कर इंदौर द्वितीय स्थान पर रही.शुभारंभ अवसर पर विधायक मुकेश टंडन और सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, तेजेंद्र सिंह , सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

सांसद खेल महोत्सव में सेंट मैरी स्कूल उपविजेता

नवभारत न्यूज

विदिशा, सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में सेंट मैरी हाई सेकेंडरी स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया.इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक फादर सीजो, प्राचार्या सिस्टर थेरेसा, उप प्राचार्य अनिल वीएस एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.विद्यालय परिवार को उम्मीद है कि भविष्य में भी छात्र खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे.

23 साल से चल रहा श्रमदान, बेतवा फिर भी गंदी

नहीं रूके नाले, हर साल बढ़ रही गंदगी

बेतवा उत्थान समिति की 23वीं वर्षगाठ पर रैली आज

नवभारत न्यूज

विदिशा, बेतवा नदी पर पर श्रमदान का सिलसिला 23 साल से चल रहा है. कई संगठन आए दिन बेतवा नदी पर श्रमदान करते हैं. नदी में फैले कचरे को निकालते हैं.आसपास के घाटों की सफाई करते हैं. इसके बावजूद बेतवा नदी साफ नहीं हो पा रही है. बेतवा के नाम पर कई समाजसेवियों की राजनीति चमक गई.

प्रशासनिक और राजनेतिक दलों ने बेतवा में मिलने वाले नालों को जल्द से जल्द बंद कराने का दावा किया लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि बेतवा में मिलने वाले नालों को नहीं रोक पाए. आज भी बेतवा के वही हालात बने हुए है.लगभग ढाई दशक होने पर आज भी बेताव में पसरी गंदगी की बात की जा रही है.11 जनवरी 2003 से अनवरत बेतवा नदी पर श्रमदान कर बेतवा नदी एवं पारम्परिक जल स्त्रोतो व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जन-जागृति रैली माधवगंज से प्रारम्भ होकर गांधी चौक पहुंचेगी.

अब विशेष श्रमदान भी किया जाएगा

बेतवा पर कई संगठन श्रमदान तो कर रहे हैं अब दावा किया जा रहा है कि बेतवा पर विशेष श्रमदान भी किया जाएगा.समिति के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने बताया की इसी क्रम में 11 जनवरी को विशेष श्रमदान एवं वार्षिक बैठक एवं 12 जनवरी को सांकेतिक धरना आयोजित है.समिति के सदस्यों ने जनजागृति रैली के साथ सभी आयोजनो में नगर के सभी सामाजिक शिक्षण संस्थान, व्यापारी बन्धुओं, नदी एवं पर्यावरण से जुड़े नागरिकों को उक्त आयोजन में भागीदारी करने की अपील की गई है.

अभा वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बने बोहत

नवभारत न्यूज

विदिशा, पंजीकृत सामाजिक संगठन अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश करोसिया एवं राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी ओ. पी. गोदिया द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के तहत सुभाष बोहत एडवोकेट को पंजीकृत सामाजिक संस्था अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर उन्होंने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है.सुभाष बोहत एडवोकेट ने कहा कि वह अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के पूर्व में भी राष्ट्रीय महामंत्री ओर युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं .उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारा सौंपी गई यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का एक महत्वपूर्ण अवसर है. उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के संविधान, उद्देश्यों एवं विचारधारा के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे.उन्होंने यह भी कहा कि समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगे तथा महासभा को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों को साथ लेकर कार्य करेंगे. उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर समाज के वरिष्ठ मुन्नालाल मेना, कमलेश गोदरे, राजेश राजू चावरिया, धनराज चावरिया, आनन्द घेंघट, संतोष पथरोल,संतोष चावरिया, रमेश पथरौल नरेंद्र चौहान ने बधाई दी.

केंद्रीय सचिव ने जाने जिले के हाल

नवभारत न्यूज

विदिशा, विदिशा जिले को कुपोषण विमुक्त बनाने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर संचालित अभिनव पहलों की भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव श्रीमती रंजना चैपड़ा, प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा, क्षेत्रीय विकास योजना के आयुक्त सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशंसा की गई.पीएम जन-मन योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ग्रामों के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय सचिव श्रीमती रंजना चैपड़ा ने टपरा क्षेत्र के मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का अवलोकन किया. इस अवसर पर एक वर्ष की नन्ही बालिका सुभी को सुपोषण किट तथा नवजात बालिका को स्वागतम् लक्ष्मी किट प्रदान की गई. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित कुपोषण उन्मूलन से जुड़े स्थानीय अभियानों की जानकारी साझा की.

आउटसोर्सिंग सेवाओं में विसंगतियों पर ग्राहक पंचायत ने उठाई आवाज

नवभारत न्यूज

विदिशा, मध्य प्रदेश में शासकीय विभागों, निगमों एवं मंडलों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से ली जा रही मानव संसाधन सेवाओं में सेवा शुल्क एवं भंडारक्रय नियमों के पालन को लेकर व्याप्त विसंगतियों के संबंध में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग, मध्य प्रदेश शासन के नाम एक विस्तृत पत्र लिखा है. पत्र में उल्लेख है कि प्रदेश में प्रभावशील भंडारक्रय नियम, 2015 (यथासंशोधित) के बावजूद मानव संसाधन आउटसोर्सिंग व्यवस्था में सेवा शुल्क, श्रेणीकरण एवं निविदा प्रक्रिया को लेकर एकरूपता का अभाव बना हुआ है. केंद्र शासन, तद्नरूव्यवस्था तथा मध्य प्रदेश शासन के वित्त विभाग के आदेशों में भिन्न-भिन्न प्रावधान होने के कारण विभागों एवं निजी एजेंसियों के समक्ष भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है.पत्र में यह भी इंगित किया गया है कि मानव संसाधन सेवाओं हेतु निजी एजेंसियों का लंबे समय से पैनल वर्गीकरण नहीं होने से प्रतिस्पर्धा एवं पारदर्शिता प्रभावित हो रही है, जो भंडारक्रय नियमों की मूल भावना के विपरीत है.अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद के. शाह द्वारा प्रदेश शासन से मानव संसाधन आउटसोर्सिंग के लिए स्पष्ट, एकरूप एवं पारदर्शी नीति निर्धारित करने का आग्रह किया गया है, जिससे सभी विभागों में नियमों का समान रूप से पालन सुनिश्चित किया जा सके.

निर्णय **राम जी की शपथ का असर, रघुवंशी समाज में जमीन पर उतरा मृत्यु भोज सीमित करने का फैसला**

समाज के निर्णय पर दो शोक संतृप्त परिवारों ने लिया रसोई को सीमित करने का निर्णय

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 9 जनवरी, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध ठोस और साहसिक निर्णय यदि सामूहिक रूप से लिए जाएँ, तो उनका प्रभाव केवल सभाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के आचरण में भी दिखाई देता है.रघुवंशी समाज ने यह बात व्यवहार में सिद्ध कर दी है. हाल ही में बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में समाज सुधार की दिशा में आयोजित हुई.

समाज की बैठक में समाज जनों ने रामजी की शपथ लेकर मृत्यु भोज को सीमित करने का जो सामूहिक निर्णय लिया गया था, वह अब जमीन पर उतरता नजर आ रहा है. इसी क्रम में रघुवंशी समाज का प्रतिनिधिमंडल समाज के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में ग्राम झिलीपुर पहुँचा. प्रतिनिधिमंडल ने हरिसिंह, घासीराम एवं भूरे सिंह की माताजी के स्वर्गवास एवं ग्राम सींगाखेड़ी में छतरसिंह एवं ओंकार सिंह रघुवंशी के परिवार में हुई गमी के पश्चात आयोजित तेहरवीं संस्कार को समाज के निर्णय के अनुरूप सादगी और मर्यादा के साथ करने हेतु शोक संतृप्त परिवार को प्रेरित किया. परिवार ने समाज के निर्णय को सहर्ष स्वीकार करते हुए बड़े स्तर पर सामाजिक भोज का आयोजन ना करते हुए समाज के निर्णयानुसार मृत्यु भोज को केवल निकटतम रिश्तेदारों, परिवारजनों, ब्राह्मण एवं कन्या भोज तक सीमित रखने का भरोसा दिया। समाजजनों ने शोक संतप्त परिवार के बीच पहुँचकर संवेदना व्यक्त की और इस पहल को समाज सुधार की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण बताया.प्रतिनिधिमंडल में सनमान सिंह रघुवंशी, कमल सिंह , बालाराम मास्टर साहब, कालापाठा रेवाराम रघुवंशी, पर्वत सिंह , चरण सिंह , गुड्डा रघुवंशी एवं नरेंद्र सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे. सभी ने एक स्वर में कहा कि दुख की घड़ी में दिखावा नहीं, बल्कि संवेदना और सहयोग ही समाज की सच्ची पहचान है.यहाँ उल्लेखनीय है कि हाल ही में समाज के दो ग्राम झिलीपुर और सींगाखेड़ी में रघुवंशी समाज के दो परिवारों में हुए परिवार जनों के देहावसान के उपरांत समाज के वरिष्ठ जनों के आग्रह पर पर सामूहिक सहमति से सामाजिक भोज को बड़े स्तर पर संपन्न न करने का निर्णय लिया है.इससे यह स्पष्ट हो गया है कि समाज सुधार की बैठक में लिया गया निर्णय केवल औपचारिक नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना का प्रतीक बन चुका है.रघुवंशी समाज के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि समाज सुधार की दिशा में समाज जनों और वरिष्ठों के सहयोग मार्गदर्शन से सामाजिक कुरीतियों में बदलाव को लेकर मानसिकता बन रही है जो धीरे-धीरे धरातल पर दिखाई देगी.उन्होंने समाज जनों से अपील की कि वे ऐसी सूचनाएँ वरिष्ठजनों तक समय पर पहुँचाते रहें, ताकि समाज सामूहिक रूप से शोकग्रस्त परिवारों के बीच पहुँचकर संवेदना व्यक्त कर सके और मृत्युभोज को सीमित रखने की परंपरा को मजबूती मिल सके.रघुवंशी समाज की यह पहल न केवल अब समाज के भीतर सुधार का संदेश दे रही है, बल्कि अन्य समाजों के लिए भी एक प्रेरणादायी उदाहरण बन रही है कि दुख की घड़ी में फिजूलखर्ची और सामाजिक दबाव से ऊपर उठकर सादगी, संवेदना और मानवीय मूल्यों को अपनाया जा सकता है.

कार्यालय नगर परिषद् बिलहरा जिला सागर

क्र./लो.नि./निविदा/2026/24 — बिलहरा, दिनांक 7/1/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

क्र.	टेंडर क्र जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_474171_1 8-1-2026	वार्ड क्र. 06 में लाल मढ़िया तिगड्डा के पास बाउंड्रीवॉल पार्क सौन्दर्यीकरण एवं श्री कृष्ण रथ स्थापना प्लेटफार्म निर्माण कार्य.	1.- 04 माह 2.- 11.22 लाख	1.- 2000.00 2.- 8500.00	9/2/2026

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

(श्रीमती कमलेशरानी रमेश चढ़ार)
अध्यक्ष
बिलहरा जिला सागर

(के.बी.एस. बघेल)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
बिलहरा जिला सागर